Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to continue the existing Sports Authority of India Training Centre at Vidyadhar Nagar, Jaipur Rajasthan.-laid

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): बास्केटबॉल राजस्थान का राजकीय खेल है। राज्य ने अर्जुन पुरस्कार विजेताओ, ओलंपियन और भारतीय कप्तानों सहित कई प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं। मेरा निर्वाचन क्षेत्र- जयपुर शहर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का केंद्र है और अधिकांश युवा इस खेल को खेल रहे हैं।

युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण का वर्तमान में केवल एक एसटीसी केंद्र, बास्केट बॉल अनुशासन में विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में संचालित है। जिसमें लगभग 50 से 60 बास्केटबॉल प्रशिक्षु प्रतिदिन प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर के प्रतिष्ठित लोगों ने खेल के हित में और जयपुर और राजस्थान में बास्केटबॉल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण, एसटीसी केंद्र विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान) में मौजूदा बास्केटबॉल खेल / केंद्र को बनाए रखने का अनुरोध किया।